भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2074
उत्तर देने की तारीख 5 अगस्त, 2024
सोमवार, 14 श्रावण, 1946 (शक)

पीएमकेवीवाई प्रशिक्षुओं द्वारा स्वयं के उद्यम का सृजन करना

2074. श्री ईश्वरस्वामी के.:

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के 24 प्रतिशत प्रशिक्षु अपना स्वयं का उद्यम स्थापित करते हैं;

(ख) पीएमकेवीवाई प्रशिक्षुओं से संबंधित आंकड़ों के अनुसार, कौशल विकास प्रशिक्षुओं के सफल उद्यमियों में परिवर्तित होने की दर कम होने के पीछे क्या मुख्य कारणों का ब्योरा क्या है;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान तमिलनाडु राज्य में पीएमकेवीवाई प्रशिक्षुओं का जिला-वार ब्योरा क्या है; और

(घ) उनके द्वारा सृजित उद्यमों का जिला-वार ब्योरा क्या है?

उत्तर

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) और (ख) कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) वर्ष 2015 से अपनी प्रमुख स्कीम प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) को कार्यान्वित कर रहा है, जिसका उद्देश्य भारतीय युवाओं को स्व-रोजगार और वैतनिक रोजगार के माध्यम से बेहतर आजीविका के लिए उद्योग-संबंधी कौशल प्रशिक्षण लेने में सक्षम बनाना है। पीएमकेवीवाई के अंतर्गत, अल्पावधि प्रशिक्षण (एसटीटी) के माध्यम से कौशल विकास प्रशिक्षण और पूर्व शिक्षण मान्यता (आरपीएल) के माध्यम से कौशलोन्नयन और पुनर्कौशलीकरण प्रदान की गई है।

इस स्कीम के पहले तीन संस्करणों में अल्पावधि प्रशिक्षण (एसटीटी) घटक में नियोजन को ट्रैक किया गया था, जो कि पीएमकेवीवाई 1.0, पीएमकेवीवाई 2.0 और पीएमकेवीवाई 3.0 है, जिन्हें वित्त-वर्ष 2015-16 से वित्त-वर्ष 2021-22 तक कार्यान्वित किया गया। पीएमकेवीवाई 4.0 के अंतर्गत, नियोजन घटक को पृथक कर दिया गया है। पीएमकेवीवाई (1.0 से 3.0) के तहत, दिनांक 30.06.2024 तक 24.38 लाख उम्मीदवारों को नियोजन प्राप्त होने की सूचना प्राप्त हुई है, जिसमें स्व-रोजगार और वैतनिक रोजगार दोनों शामिल हैं।

(ग) और (घ) तमिलनाडु राज्य में विगत तीन वर्षों (2021-22 से 2023-24) के दौरान पीएमकेवीवाई के अंतर्गत प्रशिक्षित उम्मीदवारों का जिला-वार विवरण **अनुबंध** में दिया गया है। इसके अलावा, उनके द्वारा बनाए गए उद्यमों का विवरण इस मंत्रालय के पास उपलब्ध नहीं है।

अनुबंध

दिनांक 05.08.2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2074 के भाग (ग) के उत्तर के संदर्भ में

तमिलनाडु राज्य में पिछले तीन वर्षों (2021-22 से 2023-24) के दौरान पीएमकेवीवाई के अंतर्गत प्रशिक्षित उम्मीदवारों का जिले-वार विवरण।

क्र.सं.	जिला	2021-22	2022-23	2023-24
		प्रशिक्षित उम्मीदवार	प्रशिक्षित उम्मीदवार	प्रशिक्षित उम्मीदवार
1	अरियालूर	805	0	480
2	चेंगलपट्टू	1	0	140
3	चेन्नई	3591	1427	3680
4	कोयंबटूर	1628	574	2922
5	कुड्डालोर	1141	288	937
6	धर्मपुरी	271	240	502
7	डिंडीगुल	1451	285	625
8	इरोड	1065	260	1215
9	कल्लाकुरिची	0	20	0
10	कांचीपुरम	2634	35	1204
11	कन्नियाकुमारी	21	40	727
12	करूर	670	210	456
13	कृष्णागिरी	270	270	1131
14	मदुरै	524	560	840
15	नागपट्टिनम	297	467	880
16	नमक्कल	674	261	1800
17	पेरम्बलूर	376	0	748
18	पुदुक्कोट्टई	100	0	341
19	रामनाथपुरम	1015	351	0
20	रानीपेट	59	0	517
21	सलेम	490	0	613
22	शिवगंगा	941	200	397
23	तेनकासी	0	0	25
24	तंजावुर	714	0	779
25	नीलगिरी	543	240	1220
26	थैनी	73	0	236
27	तिरुवल्लुर	3013	396	2648
28	थिरुवरुर	881	245	693
29	तिरुचिरापल्ली	675	172	1552
30	तिरुनेलवेली	326	0	812
31	तिरुपथुर	270	70	443
32	तिरुपूर	393	270	50
33	तिरुवन्नामलाई	948	132	2936
34	तूतीकोरिन	214	0	386
35	वेल्लोर	1745	615	1422
36	विल्लुपुरम	856	249	566
37	विरुधुनगर	382	152	598
	सकल योग	**29057**	**8029**	**34521**

******